<u>अति–महत्वपूर्ण</u>

# राजस्थान सरकार
# स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान, जयपुर

(जी.3 राजमहल रेजीडेन्शियल ऐरिया,सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम जयपुर)

क्रमांकः–प.1(ग)( )का/एस.एम.ई–3/डी.एल.बी./सं.स.भर्ती/26/7-416 दिनांकः–यथा–ईहस्ताक्षर

**आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,**
**नगर निगम/परिषद्/पालिका,**
**समस्त राजस्थान।**

विषय :– संविदा सफाई कर्मचारी भर्ती हेतु अनुभव प्रमाण–पत्र जारी करने बाबत्।
सन्दर्भः– संविदा सफाई कर्मचारी पद हेतु सीधी भर्ती विज्ञापन संख्या 01/2026 दिनांक 27.07.2026 के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित विज्ञापन के क्रम में लेख है कि राज्य की 183 नगरीय निकायों में निकायवार 24752 रिक्त संविदा सफाई कर्मचारी के पदों पर सीधी भर्ती हेतु भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। संविदा सफाई कर्मचारी भर्ती विज्ञापन के बिन्दु संख्या 6 (पृष्ठ संख्या 15) पर अंकित शीर्षक **''अर्हताएं''** में संविदा सफाई कर्मचारी सीधी भर्ती पद हेतु अनुभव संबधित शर्त निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के लिए नगरीय निकाय में सफाई कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव आवश्यक है।

अतः आपके नगरीय निकाय में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा विज्ञापन में निर्धारित अर्हताएं के अन्तर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र के लिए आवेदन किया गया हो तो उक्त आवेदनकर्ता से संबंधित अभिलेख का निरीक्षण कर अभिलेखों के अनुसार अनुभव प्रमाण–पत्र निर्धारत प्रपत्र (विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध) में जारी करने की कार्यवाही करें। सफाई कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र नगरीय निकाय द्वारा दिनांक 01.08.2026 के पश्चात् का एवं आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व जारी, तथा जारी अनुभव प्रमाण–पत्र का रिकॉर्ड भी संधारित रखा जावें।

संलग्न :– उपर्युक्तानुसार।

**(जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर)**
**निदेशक एवं विशिष्ट सचिव**

<u>प्रतिलिपि :–</u>

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान।
2. उपनिदेशक(क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, समस्त राजस्थान को लेख है कि आपके क्षेत्राधिकार की नगरीय निकायो से उक्त निर्देशों के अनुसार अनुभव प्रमाण–पत्र जारी करवाया जाना सुनिश्चित करे।
3. रक्षित पत्रावली।

**निदेशक एंव विशिष्ट सचिव**

Signature valid
Digitally signed by Pratik Chandrashekhar Juikar
Designation : Director
Date: 2026.08.01 18:08:36 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23751795
M e-Sign